03/12/2024

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस 2024 के अवसर पर 33 प्रतिशत की दिव्यांगता वाले अनुकरणीय व्यक्तियों और संस्थानों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये। राष्ट्रपति मुर्मु ने अपने संबोधन में कहा कि इस पुरस्कार के विजेता समाज के लिए आदर्श के रूप में उभरकर सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इनका अनुसरण करके अन्य व्यक्ति और संस्थान दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि दिव्यांगजनों में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने, उनके कौशल को विकसित करने, उन्हें रोजगार देने, उनके उत्पादों को खरीदने की प्राथमिकता देने और बाजार की सुविधायें प्रदान करने से दिव्यांगजनों के नेतृत्व की क्षमता बढ़ेगी। इस अवसर पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉक्टर वीरन्द्र कुमार ने दिव्यांगजनों के जीवन को समृद्ध बनाने पर केन्द्रित 16 परिवर्तनकारी पहलों का अनावरण किया। इन पहलों में समावेशिता, नवाचार और प्रौद्योगिकी सशक्तिकरण के प्रति विभाग की वचनबद्धता को सशक्त बनाना शामिल है।

0000000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज चंडीगढ़ में नए आपराध कानूनों को राष्ट्र को समर्पित किया। ये कानून हैं- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए आपराध कानूनों का लागू होना

उन आदर्शों को पूरा करने की दिशा में एक ठोस कदम है, जिनकी परिकल्पना हमारे संविधान में की गई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये नए कानून भारत को औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करेंगे। श्री मोदी ने चंडीगढ़ में नए आपराधिक कानूनों के सफल कार्यान्वयन के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के वकीलों और चंडीगढ़ बार काउंसिल के सदस्यों को भी धन्यवाद और बधाई दी।

0000000000000000

सुगम्य भारत अभियान को सुलभ भारत अभियान के नाम से भी जाना जाता है। यह अभियान आज अपनी नौवीं वर्षगांठ मना रहा है। इस परिवर्तनकारी पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों के लिए एक सुगम और समावेशी भारत का निर्माण करना है। इस अभियान में बुनियादी ढांचा में सुधार, परिवहन और दिव्यांगजनों के लिए सार्वजनिक स्थलों को और सुगम बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इस अभियान में दिव्यांगजनों के अधिकारों और आवश्यकताओं को लेकर जागरूकता बढ़ाने पर भी बल दिया गया है। सुगम सार्वजनिक परिवहन से लेकर समावेशी शैक्षणिक पहल की सुविधा देकर इस अभियान ने गरिमा और सम्मान के साथ करोड़ों दिव्यांगजनों को जीवन जीने योग्य बनाया है।

000000000000000000

राज्यपाल लेफ़्टिनेंट जनरल के टी परनाइक ने राज्य के दिव्यांगजनों के साथ साथ देश और दुनिया भर के दिव्यांगजनों को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर शुभकामनाएँ दी है। उन्होने उम्मीद जताई कि यह दिन उनकी गरिमा, अधिकार, सुरक्षा , संरक्षा और समाज में विकास के समान अवसर देने के लिए अधिक जागरूकता और कार्रवाई को प्ररित करेगा। अपने संदेश में राज्यपाल ने प्रत्येक

व्यक्ति और समुदाय से दिव्यांग लोगों के समुचित पुनर्वास में योगदान देने तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आश्वासन दिया कि अगले तीन वित्तीय वर्षों में अरूणाचल प्रदेश शिक्षा में एक बड़ा परिवर्तन हासिल करेगा, जिससे राज्य के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर बुनियादी ढाँचे और बेहतर अवसरों तक पहुँच सुनिश्चित होगी। आलो के लोगुम जिनी में कल एक जन सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने यह आश्वासन दिया। उन्होने कहा कि राज्य के शिक्षा मंत्री पी डी सोना और उनके सलाहकार मुतचू मिथी की अध्यक्षता में पूरे राज्य में विचार मंथन सत्र या चिंतन शिविर आयोजित किए जा रहे है, ताकि विभाग में मुख्य मुद्दो को समझा और उनका दस्तावेजिकरण किया जा सके तथा उन्हे हल करने के तरीके और साधन तैयार किया जा सकें। उन्होने कहा कि एक बार ये सत्र पूरा हो जाने के बाद, आगे की कार्रवाई के लिए राज्य सरकार को सिफ़ारिशों के साथ एक व्यापक रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

श्री खांडू ने कहा कि राज्य सरकार अंतर ग्राम विद्यालयों पर ध्यान केन्द्रित कर उन्हे छात्रावास, शिक्षकों और कर्मचारियों तथा आधुनिक शिक्षण विधियों जैसी सभी सुविधाओं से लैस करेगी। श्री खांडू ने लोगो से अपना समर्थन और सहयोग मांगा। उन्होने आलो नगर में योमगों नदी के किनारे पर्यटन स्थल विकसित करने का भी आश्वासन दिया और इसके लिए उचित योजना और डिजाइन की मांग की। इससे पहले मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने नवनिर्मित बहुउद्देशीय हॉल और योमगो नदी के किनारे एक पैदल मार्ग का उद्‌घाटन भी किया।

0000000000000000000000000

उप मुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज ईटानगर में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत पूर्वोत्तर राज्यों, जम्मू कश्मीर और झारखंड के लिए आयोजित पहली क्षेत्रीय नवोदय शिक्षा कार्याशाला के उद्घाटन सत्र में भाग लिया। कार्यशाला का विषय है - आकांक्षी जिलों और ब्लॉको में शिक्षा के पी आई में सुधार। अपने संबोधन में श्री मेन ने विशेषज्ञों आधिकारियों और विकास भागीदारियों की ऐसी प्रतिष्ठित सभा की मेजबानी करने पर प्रसन्नता व्यक्त की, जो पूर्वोत्तर क्षेत्र में शिक्षा में अद्वितियाँ चुनौतियो और अवसरों को संबोधित करने आए है। उप मुख्यमंत्री ने अरूणाचल प्रदेश के प्रमुख विकास भागीदार नीति आयोग का राज्य के सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करने में उनके निरंतर समर्थन के लिए भी अपना आभार व्यक्त किया। नीति आयोग के सदस्य डॉ. अरविन्द विरमानी ने अरूणाचल प्रदेश जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा में क्रांति लाने में डीजिटल कनेक्टिविटी की परिवर्तनकारी भूमिका पर भी जोर दिया।

0000000000000000000000000

गौहाटी उच्च न्यायालय की ईटानगर स्थायी पीठ शीतकालीन अवकाश के कारण आगामी 25 से 31 दिसंबर तक बंद रहेगी। एक अधिकारिक अधिसूचना जारी करते हुए न्यायालय ने अधिसूचित किया है कि कार्यालय 26 से 27 दिसंबर को कार्य करेगा तथा 30 और 31 दिसंबर को बंद रहेगा।

00000000000000000000000